



एक नजर में

## दसई चौकी क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी किसानों में डर का माहौल








**सरदारपुर ।** दसाई सहित आसपास के क्षेत्र झोबरा , भिलगुन,भरावदा, घटोदा और आड़घाट क्षेत्र में लगातार चोरी की घटना हो रही है क्षेत्र में कई खेत में लगी डीपी से हजारों लीटर आईल चोरी हो चुका है साथ ही कई किसानों के खेतों से हजारों फीट केबल चोरी हो चुकी है लेकिन चोरों का अभी तक कोई पता नहीं वही किसान जीवन पिता नंदलाल पाटीदार निवासी हाथीबाल्डा ने बताया कि मेरा खेत करोड़ के पास जहां मैंने स्वयं के खेत में सिंचाई के लिए तालाब बना रखा है जिसमें सिंचाई पंप रखी है जिसमें करीबन 400 फीट केवल थी जो रात्रि दिनांक 3,2,2026 को अज्ञात व्यक्ति निकाल कर ले गया साथ ही गोवर्धन पिता दयाराम चौधरी निवासी दसई ट्यूबेल के पास से करीबन 100 फीट केवल निकाल कर ले गए। जिसकी सूचना हमने तत्काल पुलिस चौकी पर दी जिसका आज दिनांक तक कोई पता नहीं चला। साथ ही बीती रात्रि में पंकज राधेश्याम सुनारिया निवासी दसई के खेत आड़घाट में करीबन 465 फिट केबल चुरा कर ले गए हैं

**ग्रामीणों का कहना** –क्षेत्र में चल रही चोरियों को लेकर ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस के द्वारा रात्रि में ग्रस्त नहीं होने के कारण क्षेत्र में किसानों के खेत से डीपी से आईल चोरी व केबल चोरी की घटना हो रही है

## महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर होगा नर्मदा मां के तट पर भगवान भोले का रूद्राभिषेक




**आलीराजपुर ।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर सुसारी के पास मां नर्मदा के तट, ब्रह्मलीन संत महंत श्री बालमुकुन्ददास महाराज की तपोस्थली मेघनाथ घाट पर भूत भावन भगवान भोलेनाथ का रूद्राभिषेक किया जायेगा। पंडित कमलेश नागर, नानपुर ने जानकारी देते हुए बताया कि रूद्राभिषेक रात्रिकालीन चारों प्रहर प्रदोष शाम 6 :30 बजे से प्रारंभ होकर ब्रह्म मुहूर्त प्रात: 5 बजे तक होगा। जिसके पश्चात् दिनांक 16 फरवरी, सोमवार को सुबह 11 बजे आने वालें श्रावण माह को लेकर एक विशेष बैठक का भी आयोजन रखा गया है। बैठक के पश्चात् भोजनप्रसादी का कार्यक्रम होगा। पंडित जी ने उक्त रूद्राभिषेक एवं बैठक तथा भोजनप्रसादी के कार्यक्रम का सभी धर्मप्रेमी जनता को लाभ लेने हेतु आमंत्रित किया है।

## प्रारंभ हुआ श्री नीलकंठेश्वर महादेव मन्दिर का प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम

आज होगी मूर्ति स्थापना, होगी महाआरती, महाप्रसादी का होगा वितरण

**आलीराजपुर ।** आलीराजपुर के अम्बेडकर नगर (तीखी ईमली) स्थित श्री निलकंठेश्वर महादेव मन्दिर का प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम दिनांक 13 फरवरी शुक्रवार से प्रारंभ हुआ। पंडित श्री कमलेश नागर, नानपुर ने बताया कि दिनांक 13 फरवरी को शोभायात्रा प्रात: 9 बजे पंचमुखी हनुमान मन्दिर से निकली। दिनांक 14 फरवरी, शनिवार को पूजन-हवन हुआ। इसी क्रम में आज दिनांक 15 फरवरी रविवार को मूर्ति स्थापना प्रात: 9 बजे की जायेगी। मूर्ति स्थापना के बाद महाआरती होगी एवं महाप्रसादी (भण्डारा) का वितरण होगा। श्री निलकंठेश्वर महादेव मन्दिर समिति ने सभी शिवभक्तों से उक्त कार्यक्रम में शामिल होकर धर्म लाभ लेने तथा तन-मन-धन से इस पुनित कार्यक्रम में सहभागी बनने की अपील की है।

## भूमि हस्तांतरण विरोध में बड़ी संख्या में पहुंचे किसान

**इंदौर.** बरलाई जागीर स्थित मालवा सहकारी शक्कर कारखाना की लगभग 33 हेक्टेयर भूमि को उद्योग विभाग को हस्तांतरित किए जाने की प्रस्तावित प्रक्रिया के विरोध में आज आपत्ति दर्ज कराने की अंतिम तिथि पर बड़ी संख्या में शेयरधारक किसान सांवेर एसडीएम कार्यालय पहुंचे. किसानों ने संगठित रूप से अपनी लिखित आपत्तियां प्रस्तुत कर भूमि हस्तांतरण के निर्णय पर पुनर्विचार की मांग की. किसानों का कहना है कि यह भूमि उनकी अंशपूंजी, परिश्रम और वर्षों की सहभागिता से स्थापित सहकारी संस्था की संपत्ति है. बिना शेयरधारकों की सहमति के इसे किसी भी औद्योगिक अथवा निजी प्रयोजन के लिए हस्तांतरित करना न केवल अन्यायपूर्ण है, बल्कि सहकारिता की मूल भावना के भी विपरीत है. आज संयुक्त किसान मोर्चा के नेता चंदनसिंह बड़वाया बलराम नरवलिया भी एसडीएम कार्यालय पहुंचे और उन्होंने स्वयं अपनी आपत्ति दर्ज कराई. संयुक्त किसान मोर्चा के नेता रामस्वरूप मंत्री, बबलू जाधव, शैलेन्द्र पटेल ने संयुक्त रूप से कहा कि विकास और रोजगार सृजन का वे विरोध नहीं करते, किंतु जिन किसानों की भूमि और पूंजी के आधार पर यह परियोजना प्रस्तावित है, उनके अधिकारों, उचित मुआवजे और भविष्य की सुरक्षा को सुनिश्चित किए बिना किसी भी प्रकार का निर्णय स्वीकार्य नहीं होगा. उन्होंने मांग दोहराई कि भूमि हस्तांतरण से पूर्व सभी शेयरधारक किसानों की सहमति ली जाए, वर्तमान बाजार मूल्य के अनुरूप उचित मुआवजा प्रदान किया जाए तथा प्रभावित परिवारों को प्रस्तावित उद्योग में प्राथमिकता के आधार पर रोजगार दिया जाए. किसान नेताओं ने कहा कि यदि शासन-प्रशासन द्वारा किसानों की जायज़ मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार नहीं किया गया तो वे लोकतांत्रिक एवं विधिसम्मत तरीके से आगे की रणनीति तय करने के लिए बाध्य होंगे.





# मेले के तीसरे दिन मिलेट ब्रांडिंग गैलरी रही आकर्षण का केंद्र

▸ तीन दिवसीय कृषि मेले का समापन

**धार ।** तीन दिवसीय कृषि मेले के तीसरे दिन मिलेट ब्राडिंग गेलरी का आयोजन किया गया। गेलरी में श्रीअन्न ज्वार, बाजरा, कोदो-कुटकी, रागी के बीज एवं श्रीअन्न से बने विभिन्न पदार्थ जैसे पापड़, खाखरा, नुडल्स, पोहा, परमल, बिस्कीट आदि का प्रदर्शन कर कृषकों को प्रसंस्करण के बाद कीमत से कैसे तीन गूना लाभ प्राप्त किया जा सकता है कि जानकारी दी गई। इसी क्रम में उप संचालक कृषि श्री ज्ञानसिंह मोहनिया द्वारा गर्मी की फसल जिन किसानों के पास सिंचाई की सूविधा है वह मुंगफली, तिल, बाजरा, उड़द, मुंग की बोनी कर उत्पादन प्राप्त करने को कहा साथ ही खरीफ में लम्बे रेशे के कपास का उत्पादन हाई डेनसिटी पद्धति से बोकर अधिक उत्पादन एवं गुणवत्ता युक्त कपास उत्पादन पर फोकस किया गया। सीमा कोटन एसोसिएशन अनुसंधान के माध्यम से लम्बे रेशे के कपास की मांग शासन से लक्ष्य प्राप्त कर कृषकों को कपास का बीज उपलब्ध कराया जाएगा। इसी के साथ ही सभी किसान भाईयों



कृषि योजनाओं का लाभ लेने के लिए एग्रीस्टेक से जुडकर फार्म आईडी बनाने का आग्रह कर समझाइश दी गई।

मेले के तकनिकी सत्र में कृषि वैज्ञानिक डॉ. एस.एस. चौहान वरिष्ठ एवं प्रमुख वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र धार द्वारा कृषकों को मिट्टी परीक्षण अनिवार्य रूप से कराने एवं मृदा परीक्षण की रिपोर्ट के आधार पर उर्वरक उपयोग की सलाह दी गई।

संगीता तोमर सहायक संचालक कृषि द्वारा आयोजित मिलेट गेलरी में कृषकों को ज्वार, बाजरा, कोदो-कुटकी, रागी के अनाज से विभिन्न पदार्थ जैसे पापड़, खाखरा, नुडल्स, पोहा, परमल, बिस्कीट आदि भी बनाकर कृषकों को प्रसंस्करण के बाद तीन गूना लाभ कैसे प्राप्त किया जा सकता की जानकारी दी गई।

अंकिता पाण्डे वरिष्ठ तकनिकी अधिकारी कृषि प्रसार कृषि विज्ञान केन्द्र धार द्वारा मिलेट में उपलब्ध पौषक तत्व एवं मिलेट खाने के फायदे के बारे में बताया गया।

संतोष पाटीदार वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी द्वारा कृषकों को पीपीटी के माध्यम से उर्वरक ई-कृषि प्रणाली की जानकारी विस्तृत में समझाई गई। श्री विवेक बार्चे वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी द्वारा मिलेट गेलरी आर्कषक प्रदर्शिनी लगाई गई।

अभियांत्रिकी सहायक अभिषेक अग्रवाल द्वारा आगामी रबी में उन्नत कृषि कटाई यंत्रों से ही फसल काटकर नरवाई प्रबंधन करना है नरवाई जलाने से पर्यावरण प्रदुषण एवं मृदा स्वास्थ्य पर विपरित प्रभाव पड़ता है, जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति नष्ट होती है इसलिए नरवाई नहीं जलाना है एवं वैकल्पिक उपायों को अपना कर नरवाई प्रबंधन करना है पर्यावरण एवं मृदा स्वास्थ्य का ध्यान रखना हम सब का कर्तव्य है।

सहायक मत्स्य निरीक्षक बर्मन द्वारा मत्स्य उत्पादन एवं अधिक उत्पादन देने वाली मछली के बीजों का उपयोग कर किसान अपनी आय में वृद्धि कर सकते है। सहायक उद्यानिकी विस्तार अधिकारी अंकिता सोलंकी द्वारा उद्यानिकी विभाग में संचालित विभिन्न योजना जैसे एम.आई.डी.एच. प्रधानमंत्री सूक्ष्म लघु उन्नयन योजना, संरक्षित खेती एवं प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई की जानकारी दी गई ।मेले में भारतीय किसान संघ के प्रदेश मंत्री राजेन्द्र शर्मा द्वारा विभाग द्वारा एक साथ विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई एवं प्रदर्शिनी के माध्यम से कृषकों को प्रचार-प्रसार किया गया। भारतीय किसान संघ के

कृषि वैज्ञानिक एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा दी गई तकनिकी जानकारी के आधार पर कृषकों द्वारा लिए गए ज्ञान के आधार पर वैज्ञानिकों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर कृषकों द्वारा दिया गया जिन्हे पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, जिससे कृषकों में काफी उत्साह रहा इसी क्रम में मेले में आयोजित प्रदर्शिनी कोरोमंडल कम्पनी एवं आरएमपीसीएल कम्पनी के लक्की ड्रॉ में 10 कृषकों को पुरस्कार प्रदान किया गया।

विगत तीन दिन से आयोजित कृषि मेला कार्यक्रम में लगभग 85 से अधिक कृषि प्रदर्शनियों जिसमें पौध संरक्षण औषधि, उर्वरक बायो उर्वरक, नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, बीज, आधुनिक कृषि यंत्र, सिंचाई यंत्र, जैविक एवं प्राकृतिक खेती एवं शासकीय विभाग आत्मा, कृषि विज्ञान केन्द्र, पशुपालन, मत्स्य पालन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजिविका मिशन सहित लगभग 85 से भी अधिक प्रदर्शनियों आर्कषण का केन्द्र रही। साथ ही मेले से तीन दिन में कृषि कटाई यंत्र- 01 स्वचलित रिपर कम्बाईडर, 02 स्ट्रॉरिपर, 02 देशी पाटा, 04 ट्रैक्टर किसानों द्वारा कुल राशि 40 लाख से भी अधिक के आधुनिक कृषि यंत्र खरीदे गए, मेले के अंतिम दिवस 1500 से भी अधिक किसानों ने भाग लिया गया। मेले में आयोजित सभी प्रदर्शिनी का मूल्याकंन कर प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरुस्कार कम्पनी, आदान विक्रेताओं, प्रगतिशील कृषक एवं शासकीय विभागों सहित लगभग 50 पुरुस्कार एवं 100 से अधिक प्रसंशा प्रमाण पत्र वितरित कर विभाग द्वारा प्रोत्साहित किया गया ।मेले में मंच संचालन परियोजना संचालक आत्मा श्री के.एस. झणिया, सेवानिवृत अधिकारी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष श्री डी. के. उपाध्याय एवं सहायक संचालक कृषि श्री डी.एस. मोर्य ने सम्पूर्ण मेले की व्यवस्था की गई एवं सभी का आभार व्यक्त किया गया।

महेश ठाकुर मालया प्रान्त मंत्री एवं अमोल पाटीदार जिला मंत्री उपस्थित रहे।

# छायन कलां के वाचस्पतिनाथ सिद्धपीठ में शिवरात्रि महोत्सव का भव्य आयोजन

▸ श्रद्धा और भक्ति का संगम

**बदनावर।** क्षेत्र के ग्राम छायन कलां स्थित वाचस्पतिनाथ सिद्धपीठ में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर वाचस्पतिनाथ मंदिर विष्णुलोक फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय शिवरात्रि महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है, गुरुवार को महोत्सव का शुभारंभ भक्तिमय वातावरण में विधिवत पूजा-अर्चना और धार्मिक कार्यक्रमों के साथ हुआ था, जिसके बाद शुक्रवार को विशेष आयोजन संपन्न किए गए, इस अवसर पर अखंड रामायण प्रारंभ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ अर्जित किया, पाठ की पूर्णाहुति के पश्चात विधिवत आरती संपन्न की गई, इसके बाद पूरे गांव में भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर सहभागिता की, यात्रा के दौरान भक्तों और ग्रामीणों की उपस्थिति से वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया, कलश यात्रा के समापन के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं को महाप्रसादी स्वरूप भोजन कराया गया, आयोजन समिति के अनुसार शनिवार को मुख्य समारोह के अंतर्गत



हवन-पूजन, विशेष अनुष्ठान एवं समापन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, उल्लेखनीय है कि मंदिर परिसर को आकर्षक साज-सज्जा, रंगीन रोशनी और पुष्प-मालाओं से सजाया गया है, जिससे संपूर्ण क्षेत्र आध्यात्मिक आभा से आलोकित नजर आ रहा है, आयोजकों ने बताया कि वाचस्पतिनाथ मंदिर का निर्माण वर्ष 2022 से प्रारंभ हुआ था और इसे भगवान विष्णु के गुरु अवतार का प्रमुख केंद्र माना जाता है, जहां भक्तों को जीवन में सही मार्गदर्शन, सेवा, सद्भाव और मानव कल्याण का संदेश प्राप्त होता है, इसी अवसर पर परम पूज्य श्री विष्णु प्रसाद जी शर्मा द्वारा श्रीमद्भागवत पुराण को नवीन स्कंधों के माध्यम से परिपूर्ण किए जाने की जानकारी भी श्रद्धालुओं को दी गई, जिसे अब 卐महाकाव्य श्रीमद्भागवत पुराण卐 के रूप में स्वीकार किया गया है, महोत्सव को लेकर पूरे गांव और आसपास के क्षेत्रों में उत्सव का माहौल बना हुआ है, हर-हर महादेव और जय वाचस्पतिनाथ के जयघोष से वातावरण गूंज रहा है, जिससे धार्मिक चेतना, सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश पूरे धार जिले में प्रसारित हो रहा है।



# धार में अंशकालीन कर्मचारियों का ज्ञापन, रू 20,000 मानदेय की मांग

**सरदारपुर । आउटसोर्स संयुक्त मोर्चा अंशकालीन कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष श्री वासुदेव शर्मा एवं अंशकालीन कर्मचारी प्रदेश अध्यक्ष उमाशंकर पाठक के निर्देशन में प्रदेशव्यापी आंदोलन के तहत आज धार जिला मुख्यालय पर अंशकालीन कर्मचारियों एवं ऑल डिपार्टमेंट कर्मचारी संगठन द्वारा माननीय मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया ।ऑल डिपार्टमेंट जिला शाखा धार के जिला अध्यक्ष भारत सिंह ठाकुर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कर्मचारी कलेक्ट्रेट प्रांगण में एकत्रित हुए तथा बैठक एवं नारेबाजी के पश्चात डिप्टी कलेक्टर आशा परमार को मुख्यमंत्री, स्कूल शिक्षा मंत्री एवं आदिम जाति कल्याण मंत्री के नाम दो पृथक ज्ञापन प्रस्तुत किए गए।**

**प्रतिनिधिमंडल को प्रशासन की ओर से अवगत कराया गया कि –**

पांच सदस्यीय दल अंदर जाकर ज्ञापन प्रस्तुत करे। डिप्टी कलेक्टर श्रीमती आशा परमार ने संगठन को आश्वस्त किया कि ज्ञापन संबंधित अधिकारियों तक प्रेषित कर आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रस्तुत किया जाएगा। इस अवसर पर संगठन के मीडिया प्रभारी कन्हैयालाल मालवीय, रमेश चौहान, गणेश कटारे, मधुबाला सोलंकी, प्रकाश शिमलावाड़ा, रमेश राठौड़, हमीर अलावा, नंदलाल मारू सहित सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित रहे। साथ ही आदिम जाति आयुक्त कार्यालय में सहयोग आयुक्त के प्रतिनिधि श्री आनंद पाठक को भी अंशकालीन कर्मचारियों एवं जनजातीय कार्य विभाग के कर्मचारियों की समस्याओं संबंधी ज्ञापन सौंपा गया। स्थापना शाखा प्रभारी श्री हेमंत पांडे से जिला स्तरीय लंबित प्रकरणों पर चर्चा की गई, जिस पर उन्होंने समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। जिला अध्यक्ष श्री भारत सिंह ठाकुर ने कहा कि यदि शीघ्र ही मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो संगठन प्रदेश स्तर पर उग्र आंदोलन की रणनीति बनाएगा।

ज्ञापन का वाचन करते हुए जिला अध्यक्ष ठाकुर ने बताया कि प्रदेश में अंशकालीन कर्मचारियों को मात्र ?5000 मानदेय दिया जा रहा है, जो वर्तमान महंगाई के दौर में अत्यंत अपर्याप्त है। संगठन ने समान कार्य-समान वेतन लागू करते हुए न्यूनतम ?20,000 मासिक मानदेय निर्धारित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 55 जिलों में ट्रेड यूनियनों के समर्थन से आंदोलन चल रहा है तथा व्यापक स्तर पर ज्ञापन सौंपे जा रहे हैं।

एक नजर में ▸ बाल विवाह मुक्त भारत अभियान, महिलाओं संग संवाद व जागरूकता कार्यक्रम

# महिलाओं से बाल विवाह समाज के दुष्परिणामों पर विस्तृत चर्चा की

**धार, ।** कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी, धार सुभाष जैन के मार्गदर्शन में वन स्टॉप सेंटर धार द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत हेतु 100 दिवसीय विशेष अभियान तथा हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमन के अंतर्गत शनिवार को धार के गंजीखाना क्षेत्र में महिला जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया ।कार्यक्रम के दौरान महिलाओं से बाल विवाह के दुष्परिणामों पर विस्तृत चर्चा की गई। बताया गया कि बाल विवाह समाज के लिए एक गंभीर अभिशाप है, जिससे बच्चों के मानसिक, शारीरिक एवं सामाजिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। महिलाओं को जागरूक किया गया कि यदि कहीं भी बाल विवाह की जानकारी प्राप्त हो, तो



तुरंत महिला एवं बाल विकास विभाग को सूचित करें अथवा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर शिकायत दर्ज कराएं।

जागरूकता सत्र में बाल विवाह की रोकथाम, यौन शोषण एवं दुर्व्यवहार से संरक्षण, बालिका शिक्षा, बालिका पोषण एवं स्वास्थ्य जैसे विषयों के साथ-साथ महिलाओं की राजनीति में भागीदारी पर भी चर्चा की गई। महिलाओं को उनके अधिकारों की जानकारी प्रदान की गई तथा उन्हें सामाजिक निर्णय प्रक्रियाओं में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया ।इसके अतिरिक्त, घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा एवं




अन्य प्रकार की हिंसा की रोकथाम हेतु उपलब्ध सहायता तंत्र की जानकारी दी गई। महिलाओं को महिला ऊर्जा हेल्प डेस्क, महिला थाना एवं अन्य संबंधित संस्थाओं के बारे में बताया गया, जहाँ हिंसा की स्थिति में रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जाती है। कार्यक्रम में यह भी जानकारी दी गई कि वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को एक ही छत के नीचे पुलिस सहायता, अस्थायी आश्रय, आपातकालीन सहायता, परामर्श, स्वास्थ्य सेवाएँ एवं कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाती हैं ।अंत में महिलाओं को विभिन्न सहायता हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई, जिनमें महिला हेल्पलाइन 181, पुलिस आपातकालीन नंबर 112, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 शामिल हैं।